B.A./2nd Sem (G)/HIN/24(CBCS)New

# 2024

## 2nd Semester Examination

## HINDI (General)

### Paper : DSC 1B/2B-T

### (मध्यकालीन हिन्दी कविता)

### (New Syllabus)

### [Revised Syllabus, w.e.f. Session 2022-23]

**[CBCS]**

Full Marks : 60 Time : Three Hours

*The figures in the margin indicate full marks. Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दस*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10=20

(क) 'माया महा ठगिनी हम जानी ......' पद को पूर्ण कीजिए।

(ख) कबीर किस धारा के कवि हैं और उनके पद/काव्य को किसने संपादित किया है?

(ग) कबीर को 'वाणी का डिक्टेटर' किसने कहा और क्यों?

P.T.O.

(घ) 'मेरी भव बाधा हरो राधा नागरि सोय। ......' दोहा को पूर्ण कीजिए एवं इसके कवि का नाम लिखिए।

(ङ) 'रामचरितमानस' में कितने कांड हैं? किसी एक कांड का नाम लिखिए।

(च) 'रामचरितमानस' की रचना तुलसीदास ने कितने वर्ष में की? मानस की भाषा क्या है?

(छ) अयोध्याकाण्ड में मूलतः तुलसीदास ने किस विषय को आधार बनाया है और यह कांड किस पर आधारित है?

(ज) तुलसीदास को लोकमंगल का कवि किसने और क्यों कहा?

(झ) भ्रमरगीत का आधार ग्रंथ कौन सा है एवं इसका रचना काल क्या है?

(ञ) 'ऊधो मन नाहीं दस बीस।' — यह कथन गोपियां ऊधो से क्यों कहती है और यह उक्ति किस रचना में संकलित है?

(ट) घनानंद को 'प्रेम के पीर' का कवि किसने कहा और क्यों?

(ठ) 'पौरुषेय रामायण' एवं 'रामाज्ञा प्रश्न' की रचना किसने की?

(ड) 'बिहारी सतसई' किन ग्रंथों से प्रेरित मानी जाती है। किन्हीं दो के नाम बताइए।



(ढ) ज्ञानेन्द्रियों को भावों का आश्रय बनाकर किस कवि ने उनका मानवीकरण कर दिया? उस कवि द्वारा रचित किसी एक रचना का नाम लिखिए।

(ण) तुलसीदास पर केन्द्रित किन्हीं दो आलोचनात्मक पुस्तकों के नाम बताइए।

2. किन्हीं ***चार*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5×4=20

(क) "सुखिया सब संसार है, खायै अरू सोचे।
दुखिया दास कबीर है जागे अरू रोवै॥"

(ख) "मेरा मुझ में कुछ नहीं, जो कुछ है सो तेरा।
तेरा तुझकों सौंपता, क्या लागै है मेरा॥"

(ग) "बतरस लालच लाल की मुरली धरी लुकाइ।
सौंह करैं भौहनि हंसे, दैन कहे नटि जाइ॥"

(घ) "रावरे रूप की रीति अनूप,
नयो नयो लागत ज्यों ज्यों निहारियै।
त्यौं इन आंखिन बानि अनोखी, अधानि कहूँ नहिं अनि निहारियै॥
एक ही जीव हुतौ सु तौ वायाँ, सुजान संकोच औ सोच सहारियै।
रोकौ रहै न, दहै घन आनंद बावरी रीझि कि हाथन हारियै॥"

P.T.O.

(ङ) "धुरि भरे अति सोहत स्याम जू, तैसी बनी सिर सुंदर चोटी।
खेलत खात फिरैं अंगना, पग पैंजनी बाजति, पीरी कछोटी॥
वा छबि को रसखान बिलोकत, वारत काम कला निधि कोटी।
काग के भाग बड़े सजनी, हरि हाथ सों लै गयो माखन रोटी॥"

(च) "पारबती सम पतिप्रिय होहू।
देबि न हम पर छाड़ब छोहू।
पुनि पुनि बिनय करिअ कर जोरी।
जौ एहि मारग फिरिअ बहोरी॥"

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) 'कबीर कवि थे या समाज सुधारक' — तर्कसंगत उत्तर दीजिए।

(ख) तुलसीदास के काव्य की प्रासंगिकता को सोदाहरण लिखिए।

(ग) बिहारी एवं घनानंद के काव्य में व्याप्त साम्य एवं वैषम्य को सोदाहरण व्यक्त कीजिए।

(घ) सूरदास की भक्ति-भावना पर प्रकाश डालिए।

---



B.A./2nd Sem (G)/HIN/24(CBCS)Old

# 2024

# 2nd Semester Examination

# HINDI (General)

## Paper : DSC 1B/2B-T

## (मध्यकालीन हिन्दी कविता)

## (Old Syllabus)

**[CBCS]**

Full Marks : 60 Time : Three Hours

*The figures in the margin indicate full marks. Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दस*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10=20

(क) कबीर के गुरु का नाम क्या था? साखी का अर्थ बताइए।

(ख) कबीर ने किसे ठगिनी कहा है? वह ठगिनी कैसी 'बानी' बोलती है?

(ग) "सुखिया सब संसार है, खावै अरु सोवै।" — इसकी दूसरी पंक्ति लिखिए।

(घ) सूरदास के प्रमुख ग्रंथ का नाम क्या है? उनके गुरु कौन थे?

P.T.O.

(ङ) 'रामचरितमानस' में कुल कितने कांड हैं? अयोध्या कांड का क्रम क्या है?

(च) मीराबाई का जन्म कहाँ हुआ था? उनके गुरु का नाम क्या था?

(छ) रसखान किस काल के कवि थे? उनका वास्तविक नाम क्या था?

(ज) बिहारीलाल किसके दरबार में थे? उनकी काव्य पुस्तक का नाम क्या है?

(झ) घनानंद किसके दरबार में और किस पद पर थे?

(ञ) बिहारी की भाषा क्या है? उन्होंने किस छंद में रचना की?

(ट) "चरण कमल बंदौ हरि राई।" — किसकी पंक्ति है? 'राई' का क्या अर्थ है?

(ठ) मीराबाई के पति का नाम क्या था? मीरा को विष का प्याला किसने दिया?

(ड) तुलसीदास एवं सूरदास की भक्ति किस भाव की थी?

(ढ) "माया दीपक नर पतंग।" — किसकी पंक्ति है? 'पतंग' का क्या अर्थ है?

(ण) "मीत सुजान अनीति करौ।" — किसकी पंक्ति है? 'सुजान' का क्या अर्थ है?



2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** पर टिप्पणी लिखिए : 5×4=20

(क) कबीर की रहस्य भावना

(ख) सूर के गोपियों की पीड़ा

(ग) मीरा का कृष्ण प्रेम

(घ) रसखान की भक्ति भावना

(ङ) वीर रस के कवि भूषण

(च) घनानंद की भाषा

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) पठित पाठ के आधार पर कबीर की भक्ति-भावना पर प्रकाश डालिए।

(ख) अयोध्या कांड के 'राम वन गमन' की काव्यगत विशेषताएँ बताइए।

(ग) प्रमाणित कीजिए कि बिहारी की कविताओं में भक्ति, नीति एवं श्रृंगार की त्रिवेणी है।

(घ) "घनानंद 'प्रेम के पीर' के कवि हैं।" — सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।